संख्या-115/2015/आर-3059/26-3-2015

प्रेषक,

विजय प्रसाद त्रिपाठी,
अनुसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
समाज कल्याण
उ0प्र0 लखनऊ।

समाज कल्याण अनुभाग-3 लखनऊः दिनांकः 08 अक्टूबर 2015

विषयः- रिट याचिका संख्या-55184/2014 ए0एन0ए0 कालेज आफ इन्जीनियरिंग एण्ड मैनेजमेन्ट स्टडीज, बरेली बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक-15.10.2014 के अनुपालन में याची शिक्षण संस्था की वर्ष 2013-14 की दशमोत्तर अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि के भुगतान के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशालय, समाज कल्याण के पत्रांक-2167/स.क./शिक्षा-अ/2015-16, दिनांक-03.09.2015 द्वारा उपलब्ध करायी आख्या पर सम्यक्विचारोपरान्त उक्त याचिका में पारित आदेश दिनांक-15.10.2014 के अनुपालन में याची शिक्षण संस्था में वर्ष 2013-14 में एम.बी.ए.पाठ्यक्रम में प्रवेशित अनुसूचित जाति छात्र-छात्रों के सापेक्ष पात्र पाये गये 09 अनुसूचित जाति छात्र/छात्राओं की छात्रवृत्ति एवं शुल्कप्रतिपूर्ति की धनराशि रूपये-6,87,600/-(रूपये छः लाख सत्तासी हजार छः सौ मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में जनपद स्तर पर योजनान्तर्गत उपलब्ध धनराशि रूपया-46,58,100/-(रूपया छियालिस लाख अट्ठावन हजार एक सौ मात्र) से भुगतान की अनुमति प्रदान की जाती है।

2. यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015, दिनांक 30 मार्च 2015, में निहित प्राविधानों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

विजय प्रसाद त्रिपाठी
अनुसचिव

पृ.संख्या-115/2015/आर-3059/26-3-2015तददिनांकः

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार,(लेखा एवं हकदारी/लेखापरीक्षा) प्रथम, उ0प्र0,इलाहाबाद।
2. जिलाधिकारी/कोषाधिकारी,,बरेली।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 (दो अतिरिक्त प्रतियों सहित)
6. समाज कल्याण (बजट प्रकोष्ठ)
7. गार्ड फाइल/इन्टरनेट प्रति।

आज्ञा से,

विजय प्रसाद त्रिपाठी
अनुसचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in